श्री कुमार नागेन्द्र, मा० स०वि०प० से प्राप्त अल्पसूचित प्रश्न सं०–01/209/429 से उद्भूत आश्वासन क्र०सं० 01 का उत्तर प्रतिवेदन

क्र०	प्रश्न	आश्वासन	अद्यतन प्रतिवेदन
क	क्या यह सही है कि अरवल जिला के कुर्था प्रखंड में पुनपुन नदी पर निर्मित पनतीत बाँध की ऊँचाई काफी कम रहने के कारण पर्याप्त जल संचयन नहीं हो पाता है;	महोदय वस्तुस्थिति यह है कि अरवल जिला के कुर्था प्रखण्ड अन्तर्गत पंतीत ग्राम के पास पुनपुन नदी पर पंतीत वीयर निर्मित है, जिसके माध्यम से गंगहर पईन में जलश्राव प्रवाहित कर किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया कराई जाती है। ये जो माननीय सदस्य ने कहा है इसकी तो हम अलग से फिर से एकबार तो हमने जाँच कराई है और हमारे अधिकारियों ने कहा है कि इसकी ऊँचाई बढ़ाने से भी अब इस प्रणाली से सिंचाई संभव नहीं हो पाएगा और वो गाद हटाने से भी वो पानी आना और रोकना फिर नहरों में जाना संभव नहीं हो रहा था। आप समझ सकते है कि बाँध बनाया जाता है किसी जलश्राव को रोकने, उसकी ऊँचाई बढ़ाने और फिर उसको जरूरत के हिसाब से पानी छोड़कर सिंचाई करने की तो जो ओरिजिनल सोर्स है पानी का वहीं से हमलोग लाकर डालना चाहते हैं। जो नीचे नहर प्रणाली बनी हुई है, आप को लगता है वो भी संभव नहीं होगा, जरूर हम एक अपने अधिकारीयों यानि अभियंताओं की टीम को कहेंगे कि स्थल पर जाकर के जाँच करेगा, उसमें आपको भी खबर कर देगा। आप अपने विचारों से भी अवगत करा दें।	अद्यतन स्थिति यह है कि– दिनांक 14.01.2026 को प्रधान सचिव द्वारा विभागीय तकनीकी पदाधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय विधायक, जहानाबाद स्थल पर उपस्थित थे। वर्तमान में अरवल जिला के कुर्था प्रखंड अन्तर्गत पंतीत गाँव के किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रश्नगत स्थल पर नये सिरे से बराज निर्माण हेतु विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार करने निमित्त सर्वेक्षण पर्यावरण मंजूरी इत्यादि की कार्रवाई की जा रही हैं। तदोपरांत तकनीकी सम्भाव्यता के आधार पर बराज निर्माण कार्य पर कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में केवल खरीफ अवधि के दौरान पुनपुन नदी के जलस्तर में वृद्धि होने पर गंगहर पईन में जल का प्रवाह होता है तथा इससे सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो पाती है।
ख	क्या यह सही है कि यदि इस बाँध की ऊँचाई बढ़ा दी जाय तो जल का संचयन हो पाएगा और आस पास के सैकड़ों गाँवों के किसानों को सिंचाई में काफी लाभ होगा;		
ग	यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार पनतीत बाँध की ऊँचाई बढ़ाने या उसी स्थान पर नया बाँध बनाना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?		

२

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :— 26/वि०प०—05—01/2025 पटना/दिनांक :..........

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/—
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :— 26/वि०प०—05—01/2025 पटना/दिनांक :..........

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल—03, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/—
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :— 26/वि०प०—05—01/2025 2684 पटना/दिनांक :20.5.26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—17, जल संसाधन विभाग, बिहार, ~~पटना एवं कार्यपालक अभियंता~~ आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/5/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव